रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद कार्यालय में
हिंदी दिवस समारोह सम्पन्न

सिकंदराबाद स्थित रक्षा लेखा नियंत्रक के मुख्य कार्यालय में दि. 15.09.2017 को हिंदी दिवस समारोह संपन्न हुआ । इस कार्यालय में दिनांक 01/09/2017 से 15/09/2017 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री शिव शंकर बंडी, रक्षा लेखा उप नियंत्रक ने दीप प्रज्ज्वलित करके और सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया । इसके उपरांत श्रीमती रजिता, सहायक लेखा अधिकारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे ।

अपने स्वागत भाषण में श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् ने कार्यालय द्वारा हिंदी के कार्यान्वयन की दिशा में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया और अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे कार्यालय के कार्य को हिंदी में करने का पूरा प्रयास करें । उन्होंने यूनिकोड के माध्यम से कम्प्यूटर पर हिंदी का प्रयोग को बढ़ाने का अनुरोध किया । इस अवसर पर श्रीमती वीणा प्रसाद, रक्षा लेखा महानियंत्रक का संदेश श्री अक्षय शास्त्री, लिपिक ने पढ़कर सुनाया जिसमें उन्होंने रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील की कि सभी हिंदी में सरकारी कार्य करें । उन्होंने कहा कि विभाग में वेबसाइट का द्विभाषीकरण और हिंदी ई-पत्रिकाओं का प्रकाशन हिंदी को बढावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ।

मुख्य अतिथि श्री शिव शंकर बंडी ने कहा कि यदि सभी कर्मचारी अपने रोज़मर्रा के काम में हिंदी का प्रयोग करें तो हिंदी पत्राचार का प्रतिशत ज़रूर बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सभी का योगदान आवश्यक है ।

कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अधीन हिंदी में सराहनीय कार्य करने वाले अनुभाग को चल वैजयंती (रोलिंग शील्ड) देने की योजना एक है । इस वर्ष इस चल वैजयंती से **प्रशासन-II** को पुरस्कृत किया गया । श्री पी.एस.वी. नागेंद्र कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने मुख्य अतिथि से यह शील्ड प्राप्त किया । इसके साथ-साथ कार्यालय द्वारा चलाई जा रही प्रोत्साहन योजना के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किये ।

हिंदी पखवाड़े के दौरान कार्यालय द्वारा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी निबंध लेखन, हिंदी अनुवाद एव वर्ग पहेली, हिंदी सृजनात्मक लेखन आदि का आयोजन किया गया जिसमें अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने अपने कर-कमलों से नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किये ।

हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें श्री टी. राम मूर्ति, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने मधुर हिंदी गीत सुनाया और श्री धीरेंद्र कुमार ने हिंदी कविता सुनाई ।

कार्यक्रम के आयोजन में श्री गौरव सिंह चौहान, कनिष्ठ अनुवादक ने सहयोग प्रदान किया तथा श्रीमती ओनिमा के. दास, कनिष्ठ अनुवादक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।

*****